बरेली, रविवार
24 अप्रैल, 2021
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 7.00
पृष्ठ 24+6=30

दैनिक जागरण

PAGE NO : 11TOP

एसआरएमएस ने कोरोना काल में निभाई अहम भूमिका

जागरण संवाददाता, बरेली: क्रिटिकल केयर फाउंडेशन एंड इंडियन सोसाइटी आफ क्रिटिकल केयर मेडिसिन की ओर से 'वर्ल्ड कांग्रेस आन कोविड एंड क्रिटिकल केयर' पर तीन दिवसीय वर्चुअल वर्कशाप का आयोजन शुरू हो गया है। इसमें श्रीराम मूर्ति स्मारक (एसआरएमएस) मेडिकल कालेज के क्रिटिकल, पल्मोनरी और एनेस्थीसिया विभाग ने अहम भूमिका निभाई। इस वैश्विक कांफ्रेंस का उद्घाटन लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला ने किया। कोविड महामारी और इसमें क्रिटिकल केयर की भूमिका पर चर्चा हुई। इसमें दुनिया के कई देशों से डाक्टरों और विज्ञानियों ने हिस्सा लिया। वर्कशाप में विशेषज्ञों ने देश में चलाए जा रहे मुफ्त टीकाकरण अभियान को सराहा। बताया कि विश्व ने ऐसा मुश्किल दौर कई दशकों बाद देखा। ऐसे समय में हर देश की स्वास्थ्य व्यवस्था घुटनों पर आ गई, लेकिन भारत ने इसका डटकर सामना किया और टीकाकरण अभियान चलाया।

क्रिटिकल केयर फाउंडेशन एंड आइएससीसीएम की वर्चुअल कार्यशाला में मौजूद वक्ता • सौजन्य: सौ. एसआरएमएस

दूसरे मुल्कों को भी वैक्सीन भेजी। विशेषज्ञों ने चिकित्सकों और फ्रंट लाइन वर्करों की तारीफ की। वर्कशाप में कोविड और क्रिटिकल केयर पर वैश्विक कांफ्रेंस के कोआर्डिनेटर एसआरएमएस मेडिकल कालेज के पल्मोनरी विभाग के विभागाध्यक्ष डा. ललित सिंह, मेडिकल सुप्रिंटेंडेंट डा. आरपी सिंह, एनेस्थीसिया विभाग की डा. गीता कार्की, कम्युनिटी मेडिसिन के डा. निपुन अग्रवाल और पल्मोनरी विभाग के डा. यतिन मेहता ने हिस्सा लिया।